(b) Yes, Sir. However, Director General, Civil Aviation who is the regulatory authority has approved Flight Engineers in Air-India prior to 1st January, 1984 to continue to certify aircraft at diversionary stations or when Aircraft Maintenance Engineer is not available for any reasons, without further training. Simultaneously, Flight Engineers who obtained endorsement after 1st January, 1984 had been given training to carry out this work as required by Director General, Civil Aviation.

(c) There has been no additional expenditure on account of hotel accommodation and carrying extra fuel directly attributable to Flight Engineers not certifying the aircraft at diversionary points. Air India gets the aircraft certification requirements at diversionary stations through its own Aircraft Maintenance Engineers, Executive Flight Engineers and handling agents like Indian Airlines who have been approved by the Director General of Civil Aviation for the purpose. Selection of diversion point and uplift of fuel is mainly governed by weather conditions, air traffic control delays, availability of customs, immigration and other authorities. Aircraft certification is only one of the considerations in deciding the alternante landing point.

Expansion of network of facilities and services of Indian Airlines

253. SHRI R. SAMBASIVA RAO: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to expand the network of facilities and services of Indian Airlines; and

(b) if so, what are the details in this regard?

.....

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes, Sir.

(b) Depending upon the induction of additional aircraft capacity and the traffic demand, Indian Airlines will consider introduction of new services|links etc.

गुजरात में पीने का पानी ले जाने के लिये गाड़ी की सुविधाएं

254. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने केन्द्रीय सरकार से इस आशय का अनुरोध किया है कि गुजरात के उन क्षेत्रों में जहां पानी की भारी कमी रहती है, विशेषकर सौराष्ट्र और उत्तरी गुजरात में, पीने का शुद्ध पानी सप्लाई करने के लिये रेलगाडी की सुविधाएं प्रदान की जायें;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है या कब तक लिये जाने का विचार है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी हां ।

(ख) राज्य सरकार ने रेलवे के टंकी माल डिब्बों द्वारा राजकोट नगर के लिये पानी का परिवहन किये जाने का अनुरोध किया है ।

(ग) राज्य सरकार के साथ अपसी परामर्श के पश्चात् रेलवे पानी के परिवहन के लिए टंकी माल डिब्बों के कुछ एक रेक गुजरात सरकार को देने के लिये सहमत हो गई है ।

दिल्ली-अहमदाबाद रेल लाइन का बड़ी लाइन में बदला जाना

255. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या दिल्ली-अहमदाबाद मीटर लाइन को बडी लाइन में बदले जाने के लिये 106 करोड रुपय की लागत वाली परियोजना को 1978-79 के रेल बजट में सम्मिलित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान अनुमानित लागत कितनी है; और